कार्यक्रम का शीर्षक – **STEM Olympiad for the students of class 7th**

(STEM stands for Science + Technology + Engineering + Mathematics)

प्रस्तावना – विज्ञान एवं तकनीकी के इस दौर में उच्च प्राथमिक विद्यालयो में STEM (विज्ञान , प्रौद्योगिकी, इन्जीनियरिंग एवं गणित) के महत्व को नकारा नहीं जा सकता है। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अध्याय 23 के पैरा 23.3 में शिक्षा के विभिन्न आयामों को बेहतर बनाने के लिये विभिन्न स्तरो पर प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने की अनुशंसा की गई है। छात्र/छात्राओं में STEM (विज्ञान , प्रौद्योगिकी, इन्जीनियरिंग एवं गणित) का अधिगम उनके बौद्धिक विकास में मददगार साबित होता है।

कार्यक्रम की आवश्यकता एवं अभिकल्पन – छात्र/छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास, विषयों के प्रति रुचि व नवीन तकनीकी से अद्यतन रहने को अभिप्रेरित करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, चम्पावत (लोहाघाट) द्वारा वर्ष 2023–24 के अन्तर्गत दिनांक 23 सितम्बर 2023 को स्टैम ओलम्पियाड (STEM Olympiad) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इस वर्ष जनपद चम्पावत के राजकीय विद्यालयो में कक्षा 7 के छात्र/छात्राओं को पंजीकृत करने हेतु आनलाइन तकनीकी का उपयोग किया गया। पंजीकृत छात्र/छात्राओं हेतु जनपद स्तर पर डायट द्वारा एक परीक्षण के माध्यम से प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में पुरस्कृत कर अभिप्रेरित किया गया।

कार्यक्रम का कियान्वयन – कार्यक्रम निम्नवत चरणों में कमवार आयोजित किया गया –

1. प्रथम चरण में जनपद चम्पावत के प्रत्येक राजकीय उच्च प्राथमिक एवं राजकीय माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 7 के कक्षाध्यापकों के माध्यम में प्रति विद्यालय छात्र/छात्राओं का चयन किया जायेगा।
2. द्वितीय चरण में प्रत्येक विद्यालय से कक्षाध्यापकों के माध्यम में प्रत्येक विद्यालय से छात्र/छात्राओं का आनलाइन पंजीकरण कराया गया।
3. तृतीय चरण में कुल 40 छात्रों (प्रत्येक विकासखण्ड 10 छात्र) का चयन किया गया।

4. चतुर्थ चरण में उक्तवत चयनित 40 छात्रों को उनके कक्षाध्यापक के साथ डायट में आमंत्रित कर छात्रों का STEM olympiad आफलाइन मोड में सम्पादित किया गया।
5. पंचम चरण में ओलम्पियाड में जनपद स्तर पर प्रथम तीन स्थान प्राप्त एवं प्रत्येक विकासखण्ड में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रो का पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया।

प्रतिभागी, मुख्य अतिथि एवं सन्दर्भव्यक्तियों का विवरण –

विस्तृत विवरण – जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, चम्पावत (लोहाघाट) द्वारा वर्ष 2023–24 के अन्तर्गत दिनांक 23 सितम्बर 2023 को स्टैम ओलम्पियाड (STEM Olympiad) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इस वर्ष जनपद चम्पावत के राजकीय विद्यालयो में कक्षा 7 के छात्र/छात्राओं को पंजीकृत करने हेतु आनलाइन तकनीकी का उपयोग किया गया। जनपद के चारो विकासखण्डों से प्राप्त आनलाइन पंजीकृत छात्र/छात्राओं को उनके मार्गदर्शक शिक्षक के साथ डायट में आमंत्रित किया गया। दि0 23 सितम्बर 2023 को डायट में आमंत्रित छात्र/छात्राओं का ओलम्पियाड परीक्षा ली गई। प्रश्नपत्र डायट स्तर पर तैयार किया गया। प्रश्नपत्र में बहुविकल्पी प्रश्नों को स्थान दिया गया। छात्र/छात्राओं ने पूरे उत्साह एवं मनोयोग से ओलम्पियाड में प्रतिभाग किया। ओलम्पियाड में विकासखण्ड स्तर एवं जनपद स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र/छात्राओं को डायट स्तर पर प्राचार्य की अध्यक्षता में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अन्त में सभी से कार्यक्रम को सराहा । छात्र/छात्राओं एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षक ने इस कार्यक्रम को प्रतिवर्ष आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की। **कार्यक्रम का समन्वयन डा0 आशुतोष वर्मा प्रवक्ता डायट चम्पावत, (लोहाघाट) द्वारा किया गया।**

स्टैम ओलम्पियाड (STEM Olympiad) में जनपद स्तर एवं विकासखण्ड स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र/छात्राऐं–

स्तर	**स्थान**	**छात्र/छात्रा का नाम**	**विद्यालय का नाम**	**विकासखण्ड**
जनपद	प्रथम	आयुश पुनेठा	रा0उ0प्रा0वि0 फोर्ती	लोहाघाट
	द्वितीय	अर्पूवा पाण्डे	रा0बा0इ0का0 लोहाघाट	लोहाघाट
	तृतीय	पियूष गहतोड़ी	रा0इ0का0 पाटी	पाटी
विकासखण्ड	प्रथम	अनुष्का बोहरा	रा0उ0मा0वि0 कालाकोट	बाराकोट
	द्वितीय	महेन्द्र फर्त्याल	रा0इ0का0 बापरु	
	तृतीय	सूजल सिंह बिष्ट	रा0इ0का0 चौमेल	
	प्रथम	दिया जोशी	रा0इ0का0 टनकपुर	चम्पावत
	द्वितीय	हर्षिता भट्‌ट	रा0इ0का0 टनकपुर	
	तृतीय	तनुजा टम्टा	रा0उ0प्रा0वि0 खर्ककार्की	
	प्रथम	आयुश पुनेठा	रा0उ0प्रा0वि0 फोर्ती	लोहाघाट
	द्वितीय	अर्पूवा पाण्डे	रा0बा0इ0का0 लोहाघाट	लोहाघाट
	तृतीय	नैन्सी विश्वकर्मा	रा0उ0प्रा0वि0 पउ	
	प्रथम	पियूष गहतोड़ी	रा0इ0का0 पाटी	पाटी
	द्वितीय	पियूष सिंह बोहरा	रा0उ0प्रा0वि0 पोखरी	
	तृतीय	हेम सिंह	रा0उ0प्रा0वि0 सिरमोली	

जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करते रा0उ0प्रा0 वि0 फोर्ती लोहाघाट के छात्र आयुष पुनेठा साथ में उनके शिक्षक एवं डायट के प्रभारी प्राचार्य श्री दिनेश खेतवाल, कार्यक्रम समन्वयक डा0 आशुतोष वर्मा व संकाय सदस्य।

ओलम्पियाड में जनपद एवं विकासखण्ड स्तर के विजेताओं के साथ उनके शिक्षक एवं डायट के प्रभारी प्राचार्य, श्री दिनेश खेतवाल, कार्यक्रम समन्वयक डा0 आशुतोष वर्मा व संकाय सदस्य।

कार्यक्रम का शैक्षिक महत्व – उक्त कार्यक्रम के निम्नवत महत्व देखने को मिले–

1. वैज्ञानिक सोच को बढावा– इस ओलम्पियाड में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इन्जीनियरिंग एवं गणित जैसे विषयो को समाहित किया गया है। इसमें भाग लेने से उन सम्बोधो के प्रति रुचि विकसित हुई जो उनके नियमित पाठ्यक्रम में नहीं होती है।
2. क्रिटिकल सोच को प्रोत्साहन– ओलम्पियाड में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इन्जीनियरिंग एवं गणित के ऐसे प्रश्नों को समाहित किया गया जो छात्र/छात्राओं में क्रिटिकल सोच को विकसित करने में सहायक सि़द्ध होगी।
3. पहचान एवं पुरस्कार– इस ओलम्पिया डमें सफलता प्राप्त करने से छात्र/छात्राओं को एक पुरस्कार ही नहीं अपितु जनपद स्तर पर एक अलग पहचान भी मिली जिससे छात्र/छात्राओं में आत्मविश्वास की वृद्धि हुई है।

जूहा. फोर्ती के छात्र आयुष ने पाया प्रथम स्थान

शाह टाइम्स संवाददाता

लोहाघाट। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान(डाइट) लोहाघाट में आयोजित स्टीम ओर्लंपियाड प्रतियोगिता आयोजित की गई। डाइट के प्रवक्ता डाव आशुतोष वर्मा के संचालन में आयोजित ओर्लंपियाड में जूव हाव फोर्ती के छात्र आयुष पुनेठा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अपूर्वा पांडे अटल उत्कृष्ट जीजीआईसी लोहाघाट ने द्वितीय, पियूष गहतोड़ी अटल उत्कृष्ट जीआईसी पाटी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में जनपद के सभी ब्लॉक सहित टनकपुर क्षेत्र के बच्चों ने भी प्रतिभाग किया। फोर्ती विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं मागदर्शक शिक्षक लक्ष्मण सिंह मेहता के दिशा निर्देशन में छात्र आयुष ने प्रतिभाग कर उपलब्धि प्राप्त की। विजेता बच्चों को डाइट प्राचार्य दिनेश खेतवाल ने प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में बच्चों को साइंस इंजीनियरिंग के क्षेत्र में रुचि पैदा कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करना है। निर्णायक रूप में डाइट के प्रवक्ता डा. अविनाश शर्मा, मनोज भाकुनी, डाव अरुण तलानियां, कमल गहतोड़ी, नवीन उपाध्याय, कृष्ण सिंह ऐरी, शिवराज तड़ागी आदि ने सहयोग किया ।

07:17